दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः-195
मुरादाबाद
(Wednesday)
06 November 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## 'एक रहिए, नेक रहिए, ये समय बंटने का नहीं, झारखंड की रैली में झामुमो पर बरसे योगी आदित्यनाथ

रैली में योगी आदित्यनाथ ने लोगों से एकजुट रहने की अपील की और कहा कि %देश का इतिहास इसका गवाह है, जब भी हमें जाति, क्षेत्र या भाषा के नाम पर बांटा गया है, हमें बेरहमी से काटा भी गया है। हम यह दोहराते हैं, जाति के नाम पर मत बांटो।% उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को झारखंड में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया। इस



दौरान एक रैली में योगी आदित्यनाथ ने लोगों से एकजुट रहने की अपील की और कहा कि एक रहिए, नेक रहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये समय बंटने का नहीं है। अपने संबोधन के दौरान योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता आलमगीर आलम की तुलना औरंगजेब से कर डाली और कहा कि जिस तरह से मुगल बादशाह औरंगजेब ने देश को लूटा था, उसी तरह से आलमगीर आलम ने राज्य को लूटा। आलमगीर आलम पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे थे और उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। हजारीबाग की रैली में लोगों से की एकजुट रहने की अपील- हजारीबाग में एक रैली के दौरान योगी आदित्यनाथ ने लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि बीजेपी लाओ और एक रहो और नेक रहो। देश का इतिहास इसका गवाह है, जब भी हमें जाति, क्षेत्र या भाषा के नाम पर बांटा गया है, हमें बेरहमी से काटा भी गया है। हम यह दोहराते हैं, जाति के नाम पर मत बांटो। जो लोग हमें बांट रहे हैं, वे देश के साथ गद्दारी कर रहे हैं। उनके लिए देश उनके एजेंडे का हिस्सा नहीं है, वे वो सब कुछ करेंगे जो भारत के खिलाफ है...

यह बंटने का समय नहीं है। यह पीएम मोदी की मानसिकता के अनुसार काम करने का समय है। देश की सुरक्षा की गारंटी है भाजपा- वहीं झारखंड के कोडरमा में आयोजित एक अन्य रैली में योगी आदित्यनाथ ने लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा, देश की सुरक्षा, रोजगार, स्वाभिमान, महिला सशक्तिकरण की गारंटी है। भाजपा विकास और विरासत के बीच समन्वय की गारंटी है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में अयोध्या में दीपोत्सव हो रहा है। 500 वर्षों के बाद ऐसा हो रहा है। माफिया का इलाज भाजपा ही कर सकती है- योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये चुनाव उन लोगों को जवाब देने का मौका है,

जिन्होंने राज्य के लोगों को धोखा दिया। देश के लोगों ने कांग्रेस के शासन का मौका दिया था, लेकिन उन्होंने कोई योजना ईमानदारी से नहीं चलाई। प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया। कानून व्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि माफिया का इलाज भाजपा ही कर सकती है। उत्तर प्रदेश में पहले माफिया गुंडों का डर था, लेकिन जब से राज्य में बुलडोजर घूमना शुरू हुआ है, तब से हर अपराधी संत बन गया है या फिर उसका सफाया कर दिया गया। राजनाथ सिंह ने झामुमो गठबंधन को बताया फुस्स पटाखा- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी मंगलवार को झारखंड में रैली की। रैली के दौरान अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को दिवाली का फुस्स पटाखा करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है जो झारखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। रांची के हटिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू के झामुमो के डूबते जहाज को छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद यह पूरी तरह से स्पष्ट हो गया है कि राज्य में सरकार कौन बनाएगा। दिवाली का त्योहार अभी-अभी समाप्त हुआ है। झामुमो, कांग्रेस और राजद अब फुस्स दिवाली पटाखे हैं। भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है जो अकेले ही झारखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। राजनाथ सिंह ने लोगों से मौजूदा सरकार को हटाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा, बीजेपी को दो बार सत्ता में आने दीजिए, झारखंड विकसित राज्यों की कतार में आ जाएगा। उन्होंने कहा, हम झारखंड में न केवल सरकार बदलेंगे, बल्कि व्यवस्था भी बदलेंगे। 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा के लिए 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### BSP ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची, मायावती और सतीशचंद्र मिश्रा सहित 40 नाम शामिल

बसपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें मायावती और सतीशचंद्र मिश्रा सहित 40 नाम शामिल हैं। उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इसके लिए बसपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें बसपा सुप्रीमो मायावती और सतीशचंद्र मिश्रा सहित 40 नाम शामिल हैं। बसपा के ये महारथी उपचुनाव में बसपा की जीत के लिए दिनरात एक करेंगे। बताते चलें कि यूपी में गाजियाबाद, मीरपुर, कुंदरकी, खैर, करहल, सीसमऊ, फूलपुर, कटेहरी, मझावां सीटों पर उपचुनाव होना है। इसके लिए पहले 13 नवंबर को मतदान होना था। लेकिन, 04 नवंबर को चुनाव आयोग ने इन सभी सीटों पर मतदान की तारीख एक हफ्ते बढ़ा दी है। अब इन नौ सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी। बताते चलें कि उपचुनाव को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती विपक्ष पर लगातार हमलावर हैं। कांग्रेस को निशाने पर लिया। कहा कि ऐसे समय में जब करोड़ों लोग महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं, भाजपा और कांग्रेस महाराष्ट्र व झारखंड चुनाव के लिए प्रचार में एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। साथ ही मुफ्त उपहारों की घोषणा करने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा था कि जनता के मुद्दों पर ध्यान देने की बजाय ये पार्टियां चुनाव से पहले अपने झूठे प्रचार और वादों के साथ नकारात्मक राजनीति में व्यस्त हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने बौद्ध धर्म की शिक्षाओं को सराहा, कहा- संकट के समय में यह बहुत उपयोगी

प्रथम एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि बौद्ध धर्म की शिक्षाओं में करुणा शब्द शामिल है, जिसकी विश्व को आज जरूरत है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को प्रथम एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बौद्ध धर्म की शिक्षाओं की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व जहां संघर्ष और जलवायु संकट का सामना कर रहा है, ऐसे समय में बौद्ध धर्म के पास मानव समुदाय को देने के लिए बहुत कुछ है। इनकी शिक्षाएं संकट के समय काफी उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म की शिक्षाओं में करुणा शब्द शामिल है, जिसकी विश्व को आज जरूरत है।



शांति और अहिंसा का संदेश दे रहा बौद्ध धर्म- राष्ट्रपति ने कहा कि आज दुनिया कई मोर्चों पर संकट का सामना कर रही है। इस वक्त आपसी संघर्ष के साथ ही जलवायु संकट भी खूब बढ़ रहा है। ऐसे वक्त में बौद्ध धर्म के पास मानव जाति को देने के लिए बहुत कुछ है। बौद्ध धर्म के अलग-अलग स्कूल संप्रदायवाद का मुकाबला करना सिखा रहे हैं। धर्म का मुख्य संदेश शांति और अहिंसा को फैलाना है। उन्होंने कहा कि एशिया को मजबूत करने के लिए बुद्ध धम्म के बारे में भी चर्चा की जानी चाहिए। बुद्ध धम्म एशिया और विश्व में वास्तविक शांति ला सकता है। यह शांति ऐसी है जो न केवल शारीरिक हिंसा से मुक्त है, बल्कि लालच और घृणा से भी दूर करती है। बौद्ध साहित्य हमारी साझा विरासत- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पुराने समय में चीनी और अन्य विद्वानों द्वारा अनुवादित की गईं बौद्ध साहित्यिक कृतियों ने मूल कृतियों के नष्ट हो जाने के बाद भी संरक्षण में योगदान दिया। बौद्ध साहित्य हमारी साझा विरासत है। पाली और प्राकृत को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने पर राष्ट्रपति ने कहा कि इससे दोनों भाषाओं के ग्रंथों के संरक्षण और पुनरोद्धार में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन बुद्ध की शिक्षाओं की हमारी साझा विरासत के आधार पर सहयोग को मजबूत करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।卐 संस्कृति मंत्रालय करा रहा सम्मेलन- दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का आयोजन संस्कृति मंत्रालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के सहयोग से किया जा रहा है। सम्मेलन का विषय एशिया को मजबूत बनाने में बुद्ध धम्म की भूमिका है। मंत्रालय ने कहा कि बुद्ध धम्म भारत की संस्कृति का एक मूल्यवान घटक है। इससे देश को विदेश नीति और राजनयिक संबंध मजबूत करने में मदद मिली है। शिखर सम्मेलन भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत हो रहा है। यह एशिया के सामूहिक, समावेशी और आध्यात्मिक विकास पर आधारित है।

## रायबरेली में राहुल गांधी: नौ सड़कों का किया लोकार्पण, शहीद चौक का भी उद्घाटन किया

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को रायबरेली पहुंचे जहां उन्होंने कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने जिले में नौ नई सड़कों का लोकार्पण किया। नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी मंगलवार को दिशा की बैठक में शामिल हुए। इससे पहले वह लखनऊ-रायबरेली सीमा पर बने चुरुवा हनुमान मंदिर सुबह 10.09 बजे पहुंचे। जहां उन्होंने हनुमान जी के दर्शन किए और बछरावां पहुंचे जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सुबह 10.45 बजे वह रायबरेली शहर पहुंचे जहां फिरोज गांधी डिग्री कालेज चौराहा पर बने शहीद चौक का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने 70.900 किमी की नौ सड़कों का लोकार्पण किया। यह सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनाई गई हैं। एफडीआर तकनीक का उपयोग सड़क निर्माण में हुआ है। 5367.88 लाख की लागत से सड़कों का निर्माण कराया गया है। सांसद सड़कों का लोकार्पण करने के बाद बचत भवन में आयोजित दिशा (जिला अनुश्रवण समिति) की बैठक में पहुंचे। वहीं, कांग्रेसियों को पुलिस ने राहुल गांधी से भेंट तक नहीं करने दी, जिसे लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फिरोज गांधी चौराहा पर हंगामा भी किया। सांसद की सुरक्षा को देखते हुए कलेक्ट्रेट को छावनी में तब्दील किया गया है। किसी को भी कलेक्ट्रेट परिसर में घुसने की इजाजत नहीं दी गई है।



## 'न्यायपालिका की आजादी का मतलब हमेशा सरकार के खिलाफ फैसले देना नहीं', सीजेआई बोले- समाज बदल गया है

दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जब उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड्स के मामले में केंद्र सरकार के खिलाफ फैसला दिया था तो उन्हें निष्पक्ष बताया गया था।देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब ये नहीं है कि हमेशा सरकार के खिलाफ ही फैसले दिए जाएं। मुख्य न्यायाधीश ने लोगों से जजों के फैसलों में विश्वास रखने की अपील की, साथ ही इस बात पर जोर दिया कि न्यायिक व्यवस्था का निष्पक्ष रहना बेहद जरूरी है। क्या बोले सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़- दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जब उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड्स के मामले में केंद्र सरकार के खिलाफ फैसला दिया था तो उन्हें निष्पक्ष बताया गया था। सीजेआई ने कहा कि %जब आप इलेक्टोरल बॉन्ड्स के मामले में फैसला करते हैं तो तब आप पूरी तरह आजाद हैं, लेकिन अगर आपका कोई फैसला सरकार के पक्ष में चला जाता है तो तब आप आजाद नहीं रह जाते। मेरे हिसाब से स्वतंत्रता की यह परिभाषा नहीं है।% उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी 2024 को इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना को असंवैधानिक बताते हुए इसे बंद करने का आदेश दिया था। इस योजना के तहत राजनीतिक पार्टियों को फंडिंग मिलने का प्रावधान था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संवैधानिक पीठ ने इस योजना को खारिज कर दिया था।सोशल मीडिया के जरिए बनाया जाता है दबाव- मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब सरकार के प्रभाव से आजादी है, लेकिन सिर्फ ये ही एक चीज नहीं है, जिससे न्यायापालिका आजाद मानी जाएगी। हमारा समाज बदल गया है। खासकर सोशल मीडिया का इस पर गहरा प्रभाव पड़ा है और अब ऐसे समूह बन गए हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का इस्तेमाल कर अदालतों पर दबाव बनाते हैं और अपने पक्ष में फैसले कराने की कोशिश करते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि कई समूह ऐसे हैं, जो न्यायपालिका की तब ही आजाद मानते हैं, जब उनके पक्ष में फैसला होता है। एक जज को स्वतंत्र होना चाहिए और अपने विवेक के आधार पर फैसले करने चाहिए और बेशक उनके फैसले कानून और संविधान के आधार पर होने चाहिए। गौरतलब है कि मुख्य न्यायाधीश आगामी 10 नवंबर को अपने पद से रिटायर हो रहे हैं। गौरतलब है कि बीते दिनों गणेश उत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर गए थे, उसे लेकर भी खूब विवाद हुआ था। हालांकि सीजेआई ने प्रधानमंत्री के उनके निजी धार्मिक समारोह में शामिल होने को भी गलत नहीं माना था। सीजेआई ने कहा कि मैंने अर्नब से लेकर जुबैर तक को जमानत दी है और यही मेरी फिलॉसफी है। कुछ मामलों में जमानत न दिए जाने संबंधी टिप्पणियों पर सीजेआई ने कहा कि %यह मेरे लिए भी चिंता का विषय है। जमानत नियम और जेल अपवाद, लेकिन निचली अदालतें जमानत देने में झिझक रही हैं।



संपादकीय Editorial

# We cannot walk like ants

An era of Himachal Pradesh, which is dependent on the expansion of Kangra Airport, is also facing the pages of human history. The measurement of land acquisition, which has almost reached its final stage, has assured that tomorrow the sky will be clear, and some roofs will find shelter of rehabilitation on new foundations. This is the epic of economy, which is being written from the ground to the sky. On the ground, rural footpaths, field boundaries and ancestral memories are now in agreement to find a new place in the century of development and somewhere in the sky, waiting for the arrival of the new ambassador of economy. The ambition of the changing Himachal that established us, the journey ahead from there is drenched in the penance of the next morning. If there will be roads till the courtyard of our house and countless vehicles on the roads, then the roads of tomorrow will go ahead of the four-lane of the future. In this Diwali, the markets from every village to the city saw business, but there was also the suffocation that the number of vehicles jammed the roads. Our development cannot make us move like ants on the road, so we will have to open the edges on the surface of physical and economic change. Obviously, wherever the four-lane is opening eyes, there the conflict of man with his own past is breaking up. Birds must also be flying with many wounds, to stay in the sky forever. Therefore, today's pain will become the trust of the future, the earth is meeting in front of you. In such a situation, the centuries to come will come closer from where the four-lane is passing, but one will have to be very cautious to share this light. In the same way, there is future in the expansion of Gaggal Airport and the expression of pain is also present at every step. If the Sukhu government's decisive role in the relevance of the project is looking at the future of tourism, then it will prove to be a milestone. From the point of view of Gaggal Airport expansion, there is neither a border line of trade nor will there be a restriction of geographical distance, that is, tomorrow the flights reaching here due to the four-lane can erase the border of neighboring Punjab far beyond Hamirpur, Bilaspur, Una, Chamba. For this, under cine tourism, Garli-Paragpur should be made a film city and TMC, Naidun Medical College and Paprola Ayurvedic College, besides some other hospitals should be linked to medical tourism. New avenues of investment with a big airport have the power to strengthen not only tourism and tourist industry, but also Himachal as a hub of information technology. Tibetan and Buddhist tourism can be given a new definition amidst the cultural landscape and natural scenery here, but for this, apart from speedy completion of the proposed convention center of Dharamshala, initiative should be taken to build infrastructure at a central location somewhere between McLeodganj and Jogindernagar for the organization of Kaalchakra. Kangra airport can become the charioteer of the heritage of Sujanpur, Purana Kangra, Masroor, Nurpur and Chamba, provided direct flights are started from various metros for tourists of that level. With a big airport, the scope of international demand for Himachal's mountains, farms, religious places, herbs, tea production, honey, traditional clothes, jewelry and arts will increase. While on one hand the Kangra airport expansion is rapidly reaching its destinations, along with this, activities like water sports, adventure sports, cultural events, convention center of Dharamshala, zoo of Bankhandi, unit mall of Dagwar and Bilaspur-Pong reservoir should also gain momentum.

# Officials are moving away from public expectations, they will have to be sensitive towards hearing the grievances of common people

During the British period, the British ruled for a long time. Indian Administrative Services also seem to be an extension of British power. The basic question is that in the same India which was important for its governance system hundreds of years ago, why is the administrative system not sensitive towards the common people despite the achievements of sovereignty, successful constitution and capable leadership? There is no alternative to efficient and sensitive administration. Recently, Prime Minister Narendra Modi discussed with young public servants about improving the governance system. He told about the need for strong feedback and improvement in the system of public grievance redressal. He urged the young public servants to make the life of the common people easier. There is a large class of officials in India to run the administration. A professionally skilled administrative system is required for running the government. The constitution makers wanted a system of impartial officials. The rights and security cover of the administrative system are described in Article 311 of the Constitution. In no democratic country of the world do government officials have legal protection like in India. Despite this, the administrative system is far away from public expectations. The common people do not have a good perception about the administrative system. They do not complete even the smallest work that can be done immediately, on time. The officers ignore the public expectations. The attitude of the administrative system is worrisome. Actually, the administrative system of India is a borrowing from the British rule. Maris Jones had written, 'The British left with the transfer of power, but the size of the administrative system, the way of working, everything remained the same.' The administrative system with British values ??was criticized in the Constituent Assembly. However, Sardar Patel praised the administration in the assembly. He said, 'I have worked with them in this difficult time. If they are removed, anarchy will increase.' The unit of the British Raj administration was the district. The District Magistrate of that time was a victim of superiority complex. He was the king and the people of India were the subjects. After independence, the country moved forward on the establishment of public welfare and rule of law, but the distance of the officers from the common people kept on increasing. It is believed that talented people come in the civil services. Many officers try to deliver results, but sensitivity towards the poor, deprived and suffering is rare in them. It is easy to tell the reasons for the administrative system not completing the work. Therefore, the process of administrative reform is essential at all times. Even during British rule, commissions were formed for administrative reforms. Montague-Chelmsford Report was released in 1918. In 1948, Frugality Committee was formed under the leadership of Kasturbhai Lalbhai and in 1949, Iyengar Committee. In 1951, Gorewala Committee gave its report on many subjects. American Public Administration Expert Appleby also presented a report on Public Administration Survey of India in 1953. Corruption is an old disease. Jeep purchase scam in 1948 was a topic of discussion in the country. Central Ministers were also found involved in the Mundana scam of 1957. The then Home Minister Lal Bahadur Shastri formed a committee under the chairmanship of K. Santhanam to review and suggest the entire system. Vigilance Commission was formed in 1964. Administrative Reforms Commission was formed under the leadership of Morarji Desai in 1966. In the meantime, he became a minister. Then K. Hanumanthaiya was made the chairman. The commission submitted its first report in 1966 and the second in 1970. In 2005, the second Administrative Reforms Commission was formed under the chairmanship of Veerappa Moily. Its report was also inconclusive. The Preamble and Directive Principles of the Constitution are the guides for the government and the administrative system. High level of professional qualification is expected from the administrative system. The Prime Minister's request is appropriate and worth considering. In the Constitution, the executive is the policy maker. The government is accountable to the legislature. The administrative system does not have direct accountability. Its dominance is worrisome. There is tension between the elected representatives and the officials. The Center had issued a government order to give respect and reply to MLAs and MPs in the seventh decade of the last century. This subject is also repeated again and again by the state governments, but the administrative system does not give importance to it. Some officials say that they are the permanent executive. The tenure of the legislature and the government is five years. No doubt, a section of officials is dutiful, but the behavior of the police is not good. They do not behave properly even in ordinary conversation. Administrative officers should mold their conduct and behavior according to public expectations. India is the holder of the world's oldest civilization and culture. Even at the time of the composition of the Rigveda, there was a beautiful administrative system here. The unit of the political system was the family. A village was formed by combining several families. The village officer was called Gramani. A group formed by combining villages was called Vish. The officer of Vish was called Vishpati. Several Vishs together formed a Jan. The chief officer of the Jan was called Gop. There were also Sabhas and Samitis here. There were administrative units in the Indus Valley Civilization as well as in the post-Vedic period. There were many powerful kings as well. In the post-Vedic period, there were many administrative officers at one center. They worked to remove difficulties. Big empires were established here in the epic period. There were also many republics. The rule of the Buddhist period is memorable. Chandragupta Maurya's administration was important. Kautilya's Arthashashtra, Megasthenes' Indica, Ashoka's inscriptions and many ancient books mention the Maurya rule. (320 BC) information is available. Chinese traveller Fa-Hien also praised Indian administration. The works of Gupta administration are a fact of history.

# The consequences of distributing freebies, the ill-effects of populist announcements

Whatever DK Shivkumar meant to say, the way Mallikarjun Kharge rebuked him and even asked him if he did not read the newspaper, it seems that everything is not well between him and Shivkumar. It is not a normal thing for the Congress President to publicly pull up the Deputy Chief Minister of his own state government. The ill-effects of making populist announcements without thinking can be known from the advice given by Congress President Mallikarjun Kharge to his party leaders that they should not make any announcement without thinking and whatever announcement is made, it should be made according to the budget. Underlining the dangers of such announcements, he also said that announcements that do not fulfil the promises lead to defamation as well as political loss. The Congress President had to say all this because Karnataka Deputy Chief Minister DK Shivakumar had said a few days ago that the state government will reconsider the Shakti Yojana that provides free bus travel to women. This indicated that this scheme could be discontinued because the Karnataka government is facing a financial crisis in fulfilling its five guarantees. Whatever DK Shivakumar meant to say, the way Mallikarjun Kharge reprimanded him and even said that don't you read newspapers, it also seems that everything is not well between him and Shivakumar. It is not normal for the Congress President to publicly pull up the Deputy Chief Minister of his own state government. It is right that after Kharge's rebuke, DK Shivakumar clarified that there is no intention to stop the Shakti Yojana and only its review will be done. Whatever be the future of this scheme, there is no denying that the Congress has started making such populist announcements to win elections, which are not easy to fulfill. It is not only the Karnataka government that is finding it difficult to fulfill its five guarantees. The Congress government of Himachal Pradesh is also facing a similar difficulty. The reason for this is that in order to win the elections in these two states, the Congress made such promises of distributing freebies, which were not possible to fulfill. It cannot be satisfied that the Congress President seems to be expressing that he does not like the culture of freebies and he is in favour of keeping the economic condition in mind while making election promises, because he himself has been making populist promises with great enthusiasm. It is not hidden from anyone that during the Lok Sabha elections, he suddenly announced that if we come to power, we will give ten kilograms of free food grains to poor families, whereas there was no mention of any such scheme in the manifesto of the Congress. It cannot be ignored that populist promises are being made by the Congress in Maharashtra and Jharkhand. The question is whether these promises are being made after assessing the financial condition of these states? The ill-effects of making populist announcements without thinking can be known from the advice given by Congress President Mallikarjun Kharge to his party leaders that they should not make any announcement without thinking and whatever announcement is made, it should be made according to the budget. Underlining the dangers of such announcements, he also said that announcements that do not fulfil the promises lead to defamation as well as political loss. The Congress President had to say all this because Karnataka Deputy Chief Minister DK Shivakumar had said a few days ago that the state government will reconsider the Shakti Yojana that provides free bus travel to women. This indicated that this scheme could be discontinued because the Karnataka government is facing a financial crisis in fulfilling its five guarantees. Whatever DK Shivakumar meant to say, the way Mallikarjun Kharge reprimanded him and even said that don't you read newspapers, it also seems that everything is not well between him and Shivakumar. It is not normal for the Congress President to publicly pull up the Deputy Chief Minister of his own state government. It is right that after Kharge's rebuke, DK Shivakumar clarified that there is no intention to stop the Shakti Yojana and only its review will be done. Whatever be the future of this scheme, there is no denying that the Congress has started making such populist announcements to win elections, which are not easy to fulfill. It is not only the Karnataka government that is finding it difficult to fulfill its five guarantees. The Congress government of Himachal Pradesh is also facing a similar difficulty. The reason for this is that in order to win the elections in these two states, the Congress made such promises of distributing freebies, which were not possible to fulfill. It cannot be satisfied that the Congress President seems to be expressing that he does not like the culture of freebies and he is in favour of keeping the economic condition in mind while making election promises, because he himself has been making populist promises with great enthusiasm. It is not hidden from anyone that during the Lok Sabha elections, he suddenly announced that if we come to power, we will give ten kilograms of free food grains to poor families.

# गाजियाबाद में हुए लाठीचार्ज के विरोध में उतरे अधिवक्ता, जुलूस निकालकर जताया विरोध

मुरादाबाद। गाजियाबाद में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में सोमवार को वकीलों ने जुलूस निकालकर आक्रोश जताया। जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए वकीलों ने पुलिस



प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने जिला अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। वहीं धरना-प्रदर्शन के कारण अदालतों में काम प्रभावित रहा। वकील अदालतों में नहीं गए। सोमवार को गाजियाबाद की घटना को लेकर अधिवक्ताओं में काफी गुस्सा दिखा। अधिवक्ताओं ने अपने गुस्से का इजहार करते हुए कलेक्ट्रेट में जुलुस निकाला और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान दूरदराज से आए अधिवक्ता परेशान नजर आ रहे थे। विरोध-प्रदर्शन का यह सिलसिला काफी देर तक चलता रहा। दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा ऊर्फ बबली के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। महासचिव अभिषेक भटनागर, राकेश कुमार वशिष्ठ, अतुल मथुर, सुभाष चंद्र गुप्ता, अमित शर्मा, सईदुल हसन जाफरी और धर्मेंद्र सिंह समेत भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- अपर जिलाधिकारी ( वि0/रा0 )/प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र श्री सत्यम मिश्र ने बताया कि 29-कुन्दरकी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 में Absentee Voters संबंधित फार्म-12डी का वितरण तथा आवेदन फार्म के माध्यम से आयोग के निर्देशानुसार Absentee Voters (Elector above the age of }z year,pwd, covid-v~ suspected or effected person) हेतु डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि 85 85 4ear,pwd, covid-v~ suspected or effected ·Ô¤ ·¤éÜ xy ×ÌÎæÌæ ç¿‹ãæç·¤Ì ç·¤¤° »° ãñ´ÐAbsentee Voters (AVSC, AVPD) मतदाताओं का मतदान होम विजिट के द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से कराए जाने के लिए संबंधित रिटर्निंग आफिसर द्वारा उपलब्ध कराए गये रुट चार्ट के आधार पर 04 टीम ( 01 आरक्षित टीम ) कुल 05 टीमों का गठन किया जाना है, जिसका प्रशिक्षण दिनांक 05 नवम्बर, 2024 को अपरान्ह् 3:00 बजे से कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित किया जायेगा। दिनांक 06 व 07 नवम्बर 2024 को पूर्वान्ह् 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की कार्यवाही संपन्न होगी, जिसमें समस्त टीमें कलेक्टेऊट सभागार के सामने स्थित मुशायरा ग्राउंड से प्रात: 8:00 बजे प्रस्थान करेंगी।जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने बताया कि सामान्य प्रशासन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के विज्ञप्ति दिनांक 04.12.2023 द्वारा वर्ष 2024 हेतु निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन घोषित राजपत्रित अवकाशों के अर्न्तगत प्रस्तर-2 के क्रमांक-20 पर दिनांक 31.10.2024 को घोषित किया गया है। उत्तर प्रदेश में दीपावली का पर्व दिनांक 31.10.2024 के साथ-साथ दिनांक 01.11.2024 ( दिन शुक्रवार ) को भी मनाया गया। ऐसी स्थिति में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरांत दिनांक 01.11.2024 को भी दीपावली का सार्वजनिक अवकाश निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के अधीन घोषित करने का निर्णय लिया गया है। दीपावली का सार्वजनिक अवकाश दिनांक 01.11.2024 को इस शर्त के अधीन घोषित किया गया कि दिनांक 09.11.2024 ( दिन शनिवार ) को शासकीय कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की भांति खुले रहेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुलाब चन्द्र ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र दिनांक 04 नवम्बर, 2024 के साथ प्राप्त भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में बताया कि जनपद मुरादाबाद की 29-कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन-2024 हेतु मतदान तिथि में संशोधन किया गया है। संशोधित तिथि के अनुसार अब मतदान दिनांक 13.11.2024 ( बुद्धवार ) के स्थान पर दिनांक 20.11.2024( बुद्धवार ) को सम्पन्न होगा। मतगणना एवं निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि यथावत रहेगी अर्थात मतगणना दिनांक 23.11.2024 एवं निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि दिनांक 25.11.2024 होगी।

# कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म, 4 युवकों पर रिपोर्ट दर्ज

## महिला डॉक्टर व तीन युवकों पर अश्लील वीडियो बनाने का आरोप

मुरादाबाद। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने एक महिला डॉक्टर व तीन युवकों पर क्लीनिक में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में रहने वाली युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शेरूआ अड्डे पर डॉ. मोबिना के क्लीनिक पर महिलाओं की डिलीवरी का काम सीखती है। इस क्लीनिक पर गुड्डू उर्फ इमरान निवासी सराय खजूर, कविंद्र व दुष्यंत निवासी झनकपुरी थाना अमरोहा देहात का आना जाना है। युवती ने आरोप लगाया कि 18 जुलाई 2023 को डॉ. मोबिना और वह क्लीनिक पर अकेले थे। इसी बीच गुड्डू उर्फ इमरान, काविंद व दुष्यंत आये। युवती का आरोप है कि इस बीच डॉ. मोबिना ने उसे नशीली कोल्ड ड्रिंक पिला दी। जिसके बाद तीनों आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। होश आने पर आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। जिसके चलते पीड़िता ने पुलिस में शिकायत नहीं की। आरोप है कि बाद में कई बार तीनों आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस बीच 21 जनवरी 2024 को पीड़िता की शादी हो गई। युवती का आरोप है कि आरोपी अब भी उस पर दबाव बना रहे है कि पति से संबंध खत्म कर दे। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीषा सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।


# समय पर नहीं पहुंच रहीं स्पेशल ट्रेनें, बोगियों में उमड़ रही भीड़

## ट्रेनों की लेटलतीफी से परेशान हो रहे छठ पूजा पर घर जाने वाले लंबी दूरी के यात्री

मुरादाबाद। दैनिक के साथ-साथ त्योहारी सीजन में चलाई गई स्पेशल ट्रेनें भी अपने समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। जिससे यात्री काफी परेशान है। यात्रियों का कहना है कि कहीं स्पेशल ट्रेनों के इंतजार



में त्योहार स्टेशन पर ही न बीत जाए। क्योंकि स्पेशल ट्रेनें 20 से 25 घंटे की देरी से चल रही हैं। सोमवार को भी मुरादाबाद में 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंचीं। रेलवे प्रशासन ने दिवाली व छठ पूजा के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। जिससे यात्रियों को सफर के दौरान कोई दिक्कत न हो, लेकिन ट्रेनें अपने समय पर नहीं पहुंच पा रही है। जिससे यात्रियों को दुश्वारियों भरा सफर करना पड़ रहा है। स्पेशल ट्रेनों के लेट होने के कारण समय पर पहुंचने वाली ट्रेनों की बोगियों में भीड़ बढ़ गई। इसके अलावा ट्रेनों के एसी कोचों में भी अनारक्षित यात्री घुस गए। स्लीपर बोगियों में इतनी भीड़ है कि यात्री शौचालय में बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। जनरल कोच में लोग दरवाजे और डाले पर बैठने को मजबूर हैं। सोमवार को मुरादाबाद स्टेशन पहुंची ट्रेनों में भीड़ के हालात काफी भयंकर थे। जिसके चलते स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार ने राजकीय रेलवे पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल को मोर्चा संभाला पड़ा। ट्रेन संख्या ट्रेन का नाम कितनी देरी से पहुंची- 04005 दिल्ली स्पेशल 27 घंटे 44 मिनट, 05002 गोरखपुर स्पेशल 7 घंटे 18 मिनट, 04513 चंडीगढ़ स्पेशल 2 घंटे 30 मिनट, 04680 कामाख्या स्पेशल 34 घंटे 8 मिनट, 04697 लुधियाना स्पेशल 14 घंटे 18 मिनट, 04031 आनंद विहार स्पेशल 10 घंटे 10 मिनट, 05597 सरहिंद स्पेशल 5 घंटे 40 मिनट, 15127 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 6 घंटे 35 मिनट, 14523 हरिहर एक्सप्रेस 2 घंटे 1 मिनट




# बेटे ने ही फावड़े से हमला कर की थी पिता की हत्या, डांटने के कारण गुस्से में था आरोपी

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- रहरा के चंदनपुर खादर गांव में चीनी मिल के माली छोटे सिंह की उनके बेटे अभिषेक ने फावड़े से हत्या कर दी। आवारागर्दी से परेशान पिता उसे समझाते रहते थे, जिससे नाराज होकर बेटे ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को





क्षेत्र के गांव चंदनपुर खादर में चीनी मिल के माली से हमला करके की थी। पुलिस के मुताबिक माली भी थे, इसी वजह से बेटे ने अपने पिता की हत्या कर गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी चंदनपुर खादर में छोटे सिंह ( 50 ) परिवार के साथ एक बेटी है। छोटे सिंह त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर में करीब सात बजे खाना खाने के बाद छोटे सिंह चारपाई अन्य सदस्य नहीं था। इसी बीच छोटे सिंह की गर्दन व हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को मृतक माली के बड़े बेटे अंकित की तहरीर पर छोटे दर्ज किया गया है। हत्या के बाद अंकित ने अभिषेक गिरफ्तार कर फावड़ा बरामद कर लिया है। रहरा छोटे सिंह की हत्या उसके ही छोटे बेटे ने फावड़े अपने बेटे की आवारागर्दी से परेशान थे। डांटते दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोप को बरामद किया गया है। थाना क्षेत्र के गांव रहते थे। परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे व माली का काम करते थे। रविवार की शाम पर आराम कर रहे थे।उस समय घर पर कोई चेहरे के पास धारदार हथियार के हमला कर भेजा था। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि बेटे अभिषेक के खिलाफ हत्या का मुकदमा को घर से बाहर निकलते हुए देखा था। सीओ ने बताया कि अभिषेक आवारा किस्म का लड़का है। वह हर समय नशे में रहता है। मारपीट करता रहता है। गांव में कई लोगों के साथ वह मारपीट कर चुका है। पहले भी मामूली बात पर अपने पिता पर हाथ उठा चुका था। छोटे सिंह अपने बेटे की आवारागर्दी को लेकर चिंतित रहते थे। वह अक्सर अभिषेक को ये सब छोड़ने के लिए समझाते रहते थे। इसी से खफा होकर अभिषेक ने फावड़े से हमला कर पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने आलाकत्ल बरामद कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। चोरी समेत दो मामले दर्ज हैं अभिषेक पर- सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि पिता की हत्या करने वाला अभिषेक का व्यवहार गांव में बहुत गलत है। उसके खिलाफ मारपीट व चोरी के दो मामले पहले से ही रहरा थाने में दर्ज हैं। वह चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

# स्कूल जा रहे प्रधानाचार्य की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या, CCTV कैमरे में कैद हुई घटना...पुलिस जांच में जुटी

मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने पैदल जा रहे हैं प्रधानाचार्य की गोली मारकर हत्या कर दी।



पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना मझोला क्षेत्र के लकड़ी फाजलपुर में भारतीय जनता पार्टी के महानगर मंत्री शमी भटनागर का स्कूल है। स्कूल में शबाबुल हुसैन प्रधानाचार्य थे। बताया गया कि सोमवार सुबह प्रधानाचार्य शबाबुल हुसैन पैदल पैदल विद्यालय जा रहे थे। शबाबुल को साईं विद्या मंदिर स्कूल से महज 50 मीटर की दूरी पर बाइक सवार दो युवकों ने गोली मार दी। गोली लगते ही प्रधानाचार्य मुंह के बाल गिर गए। जबकि बाइक सवार मौके सेफरार हो गए। आनन फानन में गोली लगने से घायल प्रधानाचार्य को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सा ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# यूपी में प्रिंसिपल का लाइव मर्डर: मुरादाबाद में बाइक सवार बदमाशों ने की प्रिंसिपल की हत्या

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद में बदमाशों ने प्रिंसिपल की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी है उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में मंगलवार को प्रिंसिपल की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। हालांकि बदमाश सीसीटीवी में कैद हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार, मुरादाबाद के मझोला में स्कूल प्रिंसिपल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के वक्त प्रिंसिपल शबाबुल पैदल ही स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से बाइक पर दो



बदमाश आए और सिर में गोली मार दी। वारदात के बाद बदमाश फरार हो गए।घटना मंगलवार सुबह नौ बजे हुई है। आसपास के लोग उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना मझोला थाने के लकड़ी क्षेत्र की है। वारदात के बाद बदमाश फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, प्रिंसिपल शबाबुल भाजपा के महानगर मंत्री शम्मी भटनागर के स्कूल में पढ़ाते थे। मंगलवार को रोजाना की तरह ही प्रिंसिपल शबाबुल पैदल स्कूल के लिए जा रहे थे। स्कूल से महज 50 मीटर दूर बाइक पर आए दो बदमाशों ने प्रिंसिपल को गोली मार दी। सिर में गोली लगते ही शबाबुल मुंह के बल सड़क पर गिर गए। घटना को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए। आसपास के लोग आनन-फानन प्रिंसिपल को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि कुछ माह पहले स्कूल के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली थी। जिसमें छात्र के परिवार ने प्रिसिंपल शबाबुल पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। प्रिंसिपल को गोली मारने वालों की तस्वीरें कैमरे में कैद हो गई हैं। एसपी सिटी कुमार विजय सिंह ने बताया कि पुलिस औए एसओजी हत्यारोपी की तलाश में जुटी है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# नाथ नगरी के राजा सेवा समिति ने उठाया स्व.कुंवर सुभाष पटेल के नाम नए पुल के नामकरण का मुद्दा

क्यूँ न लिखूँ सच

नाथ नगरी के राजा सेवा समिति की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को एक ज्ञापन दिया गया जिसमें उन्होंने मांग की है कि भाजपा के पूर्व मेयर व पूर्व विधायक स्वर्गीय कुंवर सुभाष पटेल



जी के नाम पर चौपुला ओवर ब्रिज और अटल सेतु को जोड़ने वाले ब्रिज एवं बदायूं रोड का नामकरण किया जाए स्वर्गीय कुंवर सुभाष पटेल ने अपना जीवन समाज और भारतीय जनता पार्टी की सेवा मैं समर्पित ईमानदारी, सरलता ,मीठी वाणी और अच्छे व्यवहार ने लोगों का दिल जीता है उन्होंने भाजपा का प्रतिनिधित्व करते हुए नाथ नगरी बरेली में ग्राम प्रधान बीडीसी सदस्य महापौर पद को सुशोभित किया है भारतीय जनता पार्टी के प्रति उनके कर्तव्य निष्ठा एवं समर्पित जीवन हेतु नाथ नगरी के राजा सेवा समिति ने अनुरोध किया है कि लिंक रोड ब्रिज एवं बदायूं रोड का नामकरण स्वर्गीय कुंवर सुभाष पटेल जी की स्मृति में किया जाना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि है ज्ञापन देने वाले में अखंड भारत गौरव ट्रस्ट के संरक्षक ,अनिल मुनि, लवनीन कपूर ,भास्कर मिश्रा, दीपक पाठक ,विष्णु देव पाठक व भरत कबलानी मौजूद रहे

# मदरसों के वजूद के लिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक, बरेलवी उलमा ने जताई खुशी

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए यूपी मदरसा एक्ट को संवैधानिक करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए बरेलवी उलमा ने खुशी जताई है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सुप्रीम कोर्ट के




फैसले पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले से मदरसों के वजूद को खतरा हो गया था। यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट को गैर संवैधानिक बताया गया था। मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने मदरसों के वजूद और शिक्षा के गुणवत्ता के बढ़ावे के लिए ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। इससे लाखों छात्र-छात्राओं और हजारों शिक्षकों को बड़ी खुशी हुई है। मुस्लिम जमात इस फैसले का स्वागत करती है। हमें सुप्रीम कोर्ट से इंसाफ पर आधारित फैसले की उम्मीद भी थी। सलमान मियां ने किया फैसले का स्वागत - जमात रज़ा-ए-मुस्तफ़ा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान हसन खान ( सलमान मियां ) ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि चीफ जस्टिस व बेंच के सभी जजों ने शिक्षा के महत्व को समझा व उसके अधिकार को जानते हुए जिस तरह से यह फैसला लिया गया, उससे अल्पसंखयकों में कानून के प्रति विश्वास बढ़ेगा और शिक्षा पर अधिक जोर दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया यह फैसला - सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड एक्ट 2004 को संवैधानिक करार दिया। कहा कि इस कानून के तहत मदरसों को रेगुलेट करना सरकार का अधिकार माना है। यूपी के 16000 से अधिक मदरसों में पढ़ने वाले 17 लाख छात्रों को सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से राहत मिली है। बरेली मरकज़ के उलमा ने इस फैसले पर खुशी ज़ाहिर की है। बता दें कि इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 22 मार्च को यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट को असंवैधानिक बताते हुए सभी छात्रों का दाखिला सामान्य स्कूलों में करवाने का आदेश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने पांच अप्रैल को हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी।

# 70 वर्षीय बुजुर्ग ने पुलिस चौकी मखबरा इंचार्ज पर आपत्तिजनक शब्द बोलने का लगाया आरोप एसएसपी से की शिकायत

क्यूँ न लिखूँ सच -अजहर अली

मुरादाबाद थाना कटघर इलाके के मोहल्ला पीरजादा के रहने वाले 70 वर्षीय बुजुर्ग ने पुलिस चौकी मखबरा इंचार्ज पर



का आरोप लगाते हुए मुरादाबाद थाना वाले 70 वर्षीय बुजुर्ग एसएसपी कार्यालय एक शिकायती पत्र मोहम्मद यूसुफ खान ने इंचार्ज पर का आरोप लगाया है आपत्तिजनक शब्द बोलने एसएसपी से की शिकायत कटघर पीर ज्यादा के रहने युसूफ खान ने आज पहुंचकर एसएसपी को दिया है शिकायती पत्र में पुलिस चौकी मकबरा आपत्तिजनक शब्द बोलने इसके साथ ही उन्होंने कहा 11 अक्टूबर को पुलिस चौकी मकबरा के इंचार्ज हरेंद्र कुमार ने चौकी में मुझे बुलवाया और साथ ही कहने लगे तेरी बहुत शिकायती मिल रही है और मुझे आपत्तिजनक शब्द बोले साथ ही झूठे केस में फसाने का भी धमकी दी,जिसकी रिकॉर्डिंग मोबाइल में मौजूद है,70 वर्षीय बुजुर्ग युसूफ खान ने वाहिद नदीम से हमसाज होकर परेशान करने का आरोप लगाया है

# बरेली में किसान की हत्या: भाई की हत्या के मामले में गवाह थे पुष्पेंद्र, हमलावरों ने सरेआम गोलियां से भूना

बरेली के भुता थाना क्षेत्र में गांव खरदाह निवासी किसान पुष्पेंद्र सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। गांव में ही रंजिश की वजह से लगभग चार वर्ष पहले उनके बड़े भाई विनोद कुमार की हत्या कर दी गई थी। पुष्पेंद्र





भाई की हत्या के मामले में गवाह थे।बरेली के भुता थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम हत्या की वारदात से सनसनी फैल गई। गांव खरदाह निवासी पुष्पेंद्र उर्फ पुष्पाल सिंह( 45 वर्ष )को बाइक सवार हमलावरों ने गोलियों से भून डाला, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात बीसलपुर रोड पर गांव नवदिया के पास सीएनजी पंप से पहले हुई। वारदात के बाद हमलावर बाइक से फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। बाद में एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि पुलिस ने दो आरोपियों को शिनाख्त कर ली है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। बीसलपुर रोड पर हुई वारदात - मंगलवार शाम करीब 4~30 बजे गांव खरदाह निवासी पुष्पेंद्र सिंह गांव से बाइक से बरेली जा रहे थे। बीसलपुर रोड पर बाइक सवार हमलावरों ने गांव नवादिया के पास सीएनजी पंप से पहले उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुष्पेंद्र सिंह ने खुद को बचाते हुए रोड किनारे मकान की तरफ भागने की कोशिश की। लेकिन बाइक जमीन पर गिर गई। बदमाशों ने घेरकर कई गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार -फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण व राहगीर कुछ समझ पाते तब तक हमलावर गांव की तरफ भाग गए। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स के साथ पहुंचे। इलाके में कॉबिंग में कराई, लेकिन कोई हमलावर हाथ नहीं आया। बाद में एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र, सीओ आशुतोष शिवम भी पहुंचे। उन्होंने घटना के संबंधन में जानकारी की। पुलिस घटनास्थल के सामने मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। चार वर्ष पूर्व हुई थी भाई की हत्या - मृतक पुष्पेंद्र के भाई विनोद कुमार का कस्बा भुता में प्लॉट के कब्जा व प्रधानी चुनाव को लेकर गांव के ही पूर्व प्रधान पूरनलाल व उसके परिजनों से विवाद चल रहा था। चार वर्ष पूर्व विनोद की भी गांव किनारे ही हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में पूर्व प्रधान पूरनलाल, पवन, अर्जुन को नामजद कराया गया था। भाई की हत्या के मामले में पुष्पेंद्र गवाह थे।

# तराई में करिए जंगल की सैर: कल से खुल रहे दुधवा के द्वार... पीटीआर भी तैयार, सैलानियों का मनमोह लेगा चूका बीच

चूका बीच व बाघों के कारण पहचान बनाने वाले पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बुधवार से पर्यटन सत्र शुरू हो रहा है। इसी के साथ दुधवा के द्वार भी खुल जाएंगे। पर्यटन सत्र को लेकर दोनों जगह तैयारियां पूरी कर ली गई हैंपीलीभीत टाइगर रिजर्व ( पीटीआर ) और दुधवा नेशनल पार्क का पर्यटन सत्र इस बार छह नवंबर से शुरू हो रहा है। बुधवार से देश-विदेश के सैलानियों के लिए दुधवा के द्वार खुल जाएंगे। पीटीआर भी स्वागत के लिए तैयार है। यहां चूका बीच की खूबसूरती, थारू हट और जंगल में विचरण करते बाघ और तेंदुए सैलानियों को आकर्षित करेंगे। पीटीआर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जंगल सफारी वाहन भी तैयार हैं। सुबह और




